प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

22 अगस्त 2025

## भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड की 618वीं बैठक

भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय निदेशक बोर्ड की 618वीं बैठक आज लखनऊ में गवर्नर श्री संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बोर्ड ने भू-राजनीतिक और वित्तीय बाज़ार की गतिविधियों और उससे जुड़ी चुनौतियों सहित उभरते वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिदृश्य का आकलन किया। बोर्ड ने बैंक के चुनिंदा केंद्रीय कार्यालय विभागों और केंद्रीय बोर्ड की समितियों तथा ओम्बड्समैन योजना के कामकाज की भी समीक्षा की।

बोर्ड ने मौद्रिक नीति समिति के पदेन सदस्य के रूप में श्री इन्द्रनील भट्टाचार्य, कार्यपालक निदेशक के नामांकन को अनुमोदित किया।

उप गवर्नर श्री एम. राजेश्वर राव, श्री टी. रबी शंकर, श्री स्वामीनाथन जे., डॉ. पूनम गुप्ता और केंद्रीय बोर्ड के अन्य निदेशक - श्री नागराजू मद्दिराला, सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग, सुश्री अनुराधा ठाकुर, सचिव, आर्थिक कार्य विभाग, श्री सतीश के. मराठे, श्रीमती रेवती अय्यर, प्रो. सचिन चतुर्वेदी, श्री आनंद गोपाल महिंद्रा, श्री पंकज रमणभाई पटेल और डॉ. रवींद्र एच. ढोलकिया - बैठक में शामिल हुए।

**(पुनीत पंचोली)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/958**